Need to include persons belonging to Gond community in Uttar Pradesh in the list of scheduled tribes ? laid

श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार): उत्तर प्रदेश के 17 जिलों में गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त हैं और उन्हें अभी भी जातिगत प्रमाणपत्र प्राप्त करने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं । उन्हें समय पर जातिगत प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं हो पाता हैं । दूसरी और उत्तर प्रदेश के बाकि अन्य जिलों में गोंड समुदाय अभी अनुसूचित जनजाति के रूप में सूचिबद्ध नहीं हैं उन्हें अनुसूचित जाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है तथा उत्तर प्रदेश के गोंड़ समुदाय के उपजाति के रूप में जो भी लिस्ट हैं उन्हें सरकार द्वारा सूचिबद्ध नहीं किया गया है । अतः मेरा राज्य एवं केंद्र सरकार से अनुरोध हैं कि उन्हें बिना किसी कठिनाई के सुगमता पूर्वक जातिगत प्रमाणपत्र जारी किया जाये और जो भी अन्य जिलों में अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं प्राप्त हुआ हैं उन्हें अतिशीघ्र अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाये तथा उत्तर प्रदेश के गोंड जनजाति के जितने भी सब कास्ट हैं, सरकार द्वारा उन्हें लिस्ट में सूचीबद्ध किया जाये और गोंड जनजाति की उपजाति को सरकार द्वारा नोटिफाई किया जाये ताकि कोई अन्य समुदाय उनके लिस्ट में न आये ।